Regarding need to implement the policy to give priority in the transfer/ posting of women teachers working in KVS near their husband's place of posting-Laid

डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) : मैं सरकार का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । पूर्व में केंद्रीय विद्यालय संगठन (KVS) में कार्यरत उन अध्यापिकाओं को, जिनके पति भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना या अर्धसैनिक बलों (CRPF, BSF, ITBP, CISF आदि) में सेवारत हैं, उनके पति के कार्यस्थल के निकट स्थानांतरण में प्राथमिकता दी जाती थी । यह व्यवस्था सैनिक परिवारों के हित में अत्यंत सहायक थी, क्योंकि इससे परिवार एक साथ रह पाते थे और बच्चों की शिक्षा तथा पारिवारिक स्थिरता बनी रहती थी । दुर्भाग्यवश, इस संवेदनशील व्यवस्था को KVS के स्तर पर समाप्त कर दिया गया है । परिणामस्वरूप सैनिकों की पत्नियाँ दूरस्थ स्थानों पर कार्य करने को विवश हैं, जिससे परिवार बिखर रहे हैं । इसका नकारात्मक प्रभाव बच्चों के लालन-पालन, शिक्षा तथा सैनिकों के मनोबल पर स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है । अनेक अभ्यावेदन दिए जाने के बावजूद इस विषय पर उचित ध्यान नहीं दिया गया है । अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि सैनिकों एवं अर्धसैनिक बलों के कर्मियों की पत्नियों के लिए पूर्ववर्ती स्थानांतरण प्राथमिकता नीति को शीघ्र पुनः लागू करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएँ ।